## खबर संक्षेप

### चैत्र नवरात्र की तैयारियों का किया निरीक्षण



**मैहर।** आगामी 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर शारदा मंदिर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शारदा प्रबंधक समिति सदस्य सचिन मिश्रा ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिन मिश्रा ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई,दर्शन व्यवस्था,सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों और व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता शारदा के दर्शन के लिए आते हैं,इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू और व्यवस्थित रहनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े,इसके लिए पेयजल,सुरक्षा,भीड़ प्रबंधन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए.इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद समिति कर्मचारी सी बी पटेल एवं कई कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन को दी गई श्रद्धांजलि

**सतना।** सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट निदेशक एवं ट्रस्टी व प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. वी.के. जैन के आकस्मिक निधन पर विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज,सतना द्वारा शनिवार 4:30 बजे चेम्बर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में शहर के व्यापारी,उद्योगपति एवं सामाजिक एवं व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इलेक्ट्रिकल मर्चेन्ट एसो.सतना म.प्र.कांग्रेस सेवा दल द्वारा श्रद्धांजलि पत्र दिया गया साथ ही श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि पद्मश्री डॉ.बी.के जैन को पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि डॉ.बी.के.जैन ने अपने जीवन को समाज सेवा और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पित किया। उनके प्रयासों से हजारों जरूरतमंद लोगों को नेत्र उपचार एवं नई रोशनी मिली। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष पंडित राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि डॉ.जैन का सेवा भाव और समाज के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा देता रहेगा आई.एम.एम के अध्यक्ष डॉ.राकेश अग्रवाल,डॉ.राजेश जैन,उमेश प्रताप सिंह लाला,पुरूषोत्तम अग्रवाल,डॉ.बी.के जैन के परिवार से राजेश कुमार जैन,ने भी शब्दो के द्वारा श्रद्धाजंलि अर्पित की। सभा में उपस्थित सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा का सफल संचालन महामंत्री संदीप कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,महामंत्री संदीप कुमार जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता,सहमंत्री कमल पुरुस्वानी,चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष राजाराम त्रिपाठी,लखन अग्रवाल,रामावतार चमडिया,अजय अग्रवाल,उमेश प्रताप सिंह,जेठानंद वाधवानी,गुरुमुख पंजवानी,रामप्रताप कुशवाहा, डॉक्टर राजेश जैन,डॉक्टर राकेश अग्रवाल,सेवक राम आवतवानी,मनोज कटारे प्रदीप अरोरा,मनोहर डिगवानी,कमल मंघनानी,विपुल हाण्डा,मनोज अरोरा,संजय वाधवानी,श्रीकांत गांधी,नरेंद्र चंद्र गुप्ता, रोहित अग्रवाल,अनिल मोटवानी,विनोद गेलानी,कालू पुरस्वानी,संदीप चमड़िया,मनोज बलेजा,डॉ. एन. के नेमा,डॉ. एम सिंह,डॉ.प्रवीण श्रीवास्तव,विनोद गर्ग,पुरूषोत्तम अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सेवा संघ, राजेश जैन,सुरेश जैन,मोहित जैन,प्रेम पिंजवानी,प्रभाकर चतुर्वेदी,कमलजीत सिंह सेठी,कमल मंघनानी ,बन्सी नागदेव,आर.के पटेल,वी.के जायसवाल,राजकुमार अग्रवाल,राज तेजवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सतना समेत विंध्य में गैस की भारी किल्लत, मचा हड़कंप




## व्यावसायिक सिलेंडरों की कमी से होटल-रेस्तरां संकट में, अफवाहों ने बढ़ाई घरेलू उपभोक्ताओं की भीड़

विंध्य और महाकौशल क्षेत्र के जिलों में इन दिनों एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत ने आम जनजीवन और व्यापार को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

सतना।

सतना शहर सहित आसपास के इलाकों में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी से हड़कंप मचा हुआ है। हालात ऐसे बन गए हैं कि छोटे-बड़े होटलों, चाय-नाश्ते की दुकानों और फास्ट फूड सेंटरों के सामने संचालन का संकट खड़ा हो गया है।

### होटल-ढाबों पर ताले लगने की नौबत

गैस की कमी के कारण कई प्रतिष्ठान सीमित मात्रा में ही भोजन तैयार कर पा रहे हैं। दुकानदार असमंजस में हैं कि बिना गैस के कारोबार कैसे चलाएं। इसका सीधा असर अब जनता की जेब पर पड़ने लगा है,क्योंकि बाजार में नाश्ता और भोजन महंगा होने की आशंका बढ़ गई है। विकल्प के तौर पर कई होटल संचालक अब कोयला,लकड़ी और इंडक्शन का सहारा ले रहे हैं।

### अफवाहों से घरेलू उपभोक्ता भी परेशान

व्यावसायिक गैस की कमी के बीच फैली अफवाहों ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी चिंता में डाल दिया है। इसके चलते गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं। रीवा के बिछिया क्षेत्र में तो स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भीड़ ने गैस वितरण वाहन को घेर लिया। एजेंसी कर्मचारियों ने सिलेंडर लूटने का आरोप लगाया है,हालांकि पुलिस ने केवल एक सिलेंडर कम होने की पुष्टि की है।

### शादी-ब्याह के सीजन में बढ़ा संकट

वर्तमान में वैवाहिक सीजन होने के कारण गैस की मांग सामान्य दिनों से काफी अधिक है। आपूर्ति बाधित होने से शादी-ब्याह जैसे सामाजिक कार्यक्रमों पर बुरा असर पड़ रहा है। कई परिवारों को तो मजबूरी में भोजन के मेन्यू में कटौती करनी पड़ रही है।

### सर्वर और तकनीकी दिक्कतों ने बढ़ाई मुसीबत

गैस एजेंसियों को आपूर्ति के साथ-साथ तकनीकी समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। बुकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले मोबाइल ऐप और मिस्ड कॉल सेवा कई जगह ठप है। कंपनियों का दावा है कि अचानक बुकिंग बढ़ने से सर्वर पर दबाव बढ़ा है। सतना और मैहर में पिछले तीन दिनों से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों बुकिंग में परेशानी आ रही है। 8 मार्च को बुकिंग कराने वाले कई उपभोक्ताओं को अब तक डिलीवरी नहीं मिल सकी है।

### एक नजर में जिले के हालात

सतनाः नागौद,चित्रकूट,मझगवां और अमरपाटन जैसे कस्बों में एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें।

### सीधीः कई स्थानों पर होम डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह ठप।

अनूपपुरः उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को सिलेंडर पाने में भारी कठिनाई।

डिमांड का दबावः सामान्य दिनों में जहां 500-600 बुकिंग होती थी,वहां अब यह आंकड़ा 1200 के पार पहुंच गया है।

### प्रशासन का पक्ष

राज्य में एलपीजी और ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है। आपूर्ति सामान्य करने के लिए कंपनियों से समन्वय किया जा रहा है। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही अतिरिक्त रैक भेजकर स्थिति नियंत्रित की जाएगी।

**—कर्मवीर शर्मा,खाद्य आयुक्त**

# गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ते दामों पर कांग्रेस का 'हल्ला बोल'; मैहर की सड़कों पर उतरा जनसैलाब

मैहर।

घरेलू गैस सिलेंडर की आसमान छूती कीमतों और क्षेत्र में मची किल्लत के खिलाफ नगर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित 'हल्ला बोल' प्रदर्शन के दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। आंदोलन की गूँज इतनी तीव्र थी कि स्थानीय व्यापारियों ने भी आगे आकर अपना समर्थन दिया।

### बाजारों में गूँजा 'महंगाई से आजादी' का नारा

शुरुआत सुबह 11 बजे घंटाघर चौराहा से हुई। कांग्रेसजनों का जुलूस रेस्ट हाउस,कटरा बाजार,काली माता मंदिर चौक और चंडी माता मार्ग से होते हुए गुजरा।इस दौरान कार्यकर्ता केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। जुलूस में शामिल एक प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे कटरा बाजार के व्यापारी शनि गंगवानी ने माला पहनाकर बढ़ती महंगाई के खिलाफ व्यापारियों की एकजुटता प्रदर्शित की। समापन सभा को संबोधित करते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी 'दद्दा' ने कहा वर्तमान सरकारकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए चूल्हा जलाना दूभर हो गया है। सिलेंडर के दाम बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की जेब पर डाका डाला है। कांग्रेस सड़क से सदन तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ती रहेगी। वहीं,युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने सिलेंडर की आपूर्ति के मोर्चे पर पूरी तरह सरेंडर कर दिया है,जिससे किल्लत की स्थिति निर्मित हुई है।

### 15 मार्च को फिर होगा विशाल प्रदर्शन

शुक्रवार के सफल प्रदर्शन के बाद जिला कांग्रेस ने आंदोलन को और धार देने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेताओं ने 'नरेंद्र भी गायब-सिलेंडर भी गायब' का नारा देते हुए आगामी रविवार,15 मार्च 2026 को पुनः एक विशाल 'हल्ला बोल' रैली का आह्वान किया है। सुबह 11:00 बजे स्थानः घंटाघर चौक,मैहर मार्गः घंटाघर से कटरा बाजार,काली माता मंदिर,स्टेट बैंक चौराहा होते हुए चंडी देवी मंदिर। प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता रमापति गौतम,केशव प्रसाद चौरसिया,राज बाबू सिंह,अमृतलाल पटेल,कुलदीप पाठक,शारदा पटेल,मोनू लोधी,आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष बृजभान कोल,दिनेश सावलानी,सुनील कोरी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रही।



# ट्रेन में मोबाइल उड़ाने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार, 24 घंटे में सुलझाईं दो चोरियां



सतना।

रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी चौकी सतना को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रेनों के जनरल कोच में मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

### भीड़ का फायदा उठाकर की थी वारदात

घटना के अनुसार,13 मार्च को फरियादी प्रियांशु श्रीवास्तव निवासी हनुमान नगर और महेश पटेल निवासी दमोह के साथ अलग-अलग ट्रेनों के जनरल कोच में चढ़ते समय मोबाइल चोरी की वारदात हुई थी। प्रियांशु का वनप्लस कीमत 32,000 और महेश का वीवो मोबाइल अज्ञात चोर ने पार कर दिया था। जीआरपी ने धारा 305 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। लगातार हुई दो वारदातों को देखते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश राज के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राज वंशकार 19 वर्ष,निवासी बजरा टोला,सतना को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी के दोनों मोबाइल बरामद हुए,जिनकी कुल कीमत 42,000 बताई जा रही है।

### पुराना अपराधी है राज वंशकार

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी राज वंशकार एक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इस त्वरित सफलता में उप निरीक्षक राजेश राज,एएसआई रामलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक मुकेश मिश्रा,आरक्षक अमित दुबे,रविशंकर पटेल,अवधेश मिश्रा,प्रशांत यादव और आरपीएफ के प्रधान आरक्षक श्रीराम यादव व केशबली सरोज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह का 73 वर्ष की आयु में निधन

### भोपाल के चिरायु अस्पताल में ली अंतिम सांस; रविवार को पैतृक ग्राम कचनार में होगा अंतिम संस्कार



सतना।

जिले की राजनीति के दिग्गज स्तंभ और नागौद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह का शनिवार दोपहर भोपाल के चिरायु अस्पताल में निधन हो गया। 73 वर्षीय सिंह पिछले लंबे समय से अस्वस्थ थे और हाई डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से विंध्य क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### राजनीतिक सफरः सरपंच से विधायक तक का सफर

यादवेंद्र सिंह का जन्म 5 जून 1953 को कचनार में हुआ था। उन्होंने अपने चार दशक लंबे राजनीतिक जीवन की शुरुआत जमीनी स्तर से की थी। 1978 में वसुधा ग्राम पंचायत के सरपंच चुने गए (जुगुल किशोर बागरी को हराया)। 1992-99 में विपणन सहकारी समिति और कृषि उपज मंडी नागौद के अध्यक्ष रहे। 2013 में कांग्रेस के टिकट पर नागौद से विधायक निर्वाचित हुए। 2024 में हाल ही में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

### अर्जुन सिंह परिवार के रहे बेहद करीबी

यादवेंद्र सिंह को पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया' के सबसे भरोसेमंद साथियों में गिना जाता था। वे अपनी बेबाक बयानबाजी और स्पष्ट वाकपटुता के लिए विधानसभा के भीतर और बाहर हमेशा चर्चित रहे।

### स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार,श्री सिंह की पहले हार्ट बाईपास सर्जरी हो चुकी थी। पिछले एक साल से अनियंत्रित डायबिटीज के कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। संक्रमण बढ़ने के कारण तीन दिन पहले ही चिकित्सकों को उनका एक पैर काटना पड़ा था,जिसके बाद उनकी स्थिति और बिगड़ गई। स्वर्गीय यादवेंद्र सिंह का पार्थिव देह भोपाल से उनके गृह ग्राम कचनार लाया जा रहा है। रविवार को कचनार में ही पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी बहू प्रतिभा सिंह वर्तमान में नगर परिषद नागौद की अध्यक्ष हैं।



# भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मैहर के यशस्वी जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने का जन्मदिन जिले भर में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### मां शारदा के पूजन के साथ दी गई शुभकामनाएं

जन्मदिन के विशेष अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष राबेद्र सिंह और सांसद प्रतिनिधि (रामनगर) कालिका पटेल जी ने श्री सुहाने जी का अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने मां शारदा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और जिलाध्यक्ष जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में ऋषि पांडे दिलीप पटेल विश्वनाथ बाबा (युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष) भारी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# फूलों की होली के साथ वैश्य समाज का बसंत उत्सव हर्षोल्लास आयोजित

### कश्यप मैरिज हाल में श्री वैश्य परिषद,महिला वैश्य परिषद व युवा वैश्य परिषद का संयुक्त आयोजन

सतना।

श्री वैश्य परिषद,महिला वैश्य परिषद एवं युवा वैश्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कश्यप मैरिज हाल में ऋतु बसंत के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री वैश्य परिषद के सभी बंधु अपने परिवार सहित शामिल हुए और होली के पारंपरिक गीतों तथा फूलों की होली के साथ उत्सव का आनंद लिया। समारोह में बसंत ऋतु की उमंग और होली के रंगों का सुंदर संगम देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल और फूलों से होली की शुभ कामनाएं दीं। होली के गीतों पर सभी ने मिलकर नृत्य किया और आपसी प्रेम,सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट रखने और नई पीढ़ी को संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।समारोह में महिलाओं और युवाओं की विशेष सहभागिता रही,जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण बन गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम,सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। मंच में सागर चंद्र गुप्ता जय प्रताप गुप्ता अशोक गुप्ता श्रीनाथ गुप्ता श्रीमती कौशल्या गुप्ता किरण गुप्ता श्री वैश्य परिषद अध्यक्ष कमलेश गुप्ता,वरिष्ठ समाज सेवी कौशल प्रसाद गुप्ता धनपत लाल गुप्ता,सीमा केसरवानी उपस्थित रहे। इस दौरान लखन लाल केसरवानी घनश्याम केसरी त्रिलोकीनाथ केसरवानी विनोद गुप्ता श्याम लाल गुप्ता श्यामू बलराम गुप्ता केसरी गुप्ता छबि गुप्ता बलदेव गुप्ता महेश गुप्ता सचिन गुप्ता रामनरेश गुप्ता हरचरण गुरु रामावतार गुप्ता बलराम गुप्ता सविता गुप्ता संगीता गुप्ता रेखा गुप्ता सावित्री गुप्ता आशा गुप्ता पप्पी गुप्ता सुनीता गुप्ता शशि गुप्ता दयाल दास गुरु जगदीश गुप्ता स्वीकृत दास गुरु विजय गुप्ता राम जी गुप्ता राजेश गुप्ता गणेश गुप्ता धनराज गुप्ता राजेन्द्र गुप्ता बालकृष्ण गुप्ता मौजूद रहे। संचालन विनोद कुमार गुप्ता ने किया।



खबर संक्षेप

## मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, नालियों में कीटनाशक छिड़काव की मांग



**पन्ना।** मौसम में बदलाव के साथ ही नगर में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। किसानों की फसल कटने के बाद खेतों से मच्छर, कीड़े-मकोड़े अब शहरों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। वहीं नगर की नालियों में गंदगी जमा होने के कारण मच्छरों की संख्या और अधिक बढ़ती जा रही है, जिससे नगरवासियों में बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नगरवासियों का कहना है कि यदि नालियों में समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए तो मच्छरों की संख्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। लेकिन वर्तमान में कई स्थानों पर नालियों की सफाई और दवा छिड़काव नहीं होने से स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। इसी को लेकर नगर के नागरिकों ने पत्र के माध्यम से स्थानीय नगर निकाय अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए नालियों में शीघ्र कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने की मांग की है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो मच्छरों के कारण बुखार सहित अन्य खतरनाक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर में नियमित सफाई और दवा छिड़काव की व्यवस्था की जाए।

## पवई ब्लॉक में साक्षरता परीक्षा संपन्न



**पवई।** विकासखण्ड पवई में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण पन्ना जिले की साथ-साथ पवई ब्लॉक में भी साक्षरता मूल्यांकन संपन्न हुआ। जिला साक्षरता अधिकारी रामाकांत खरे के कुशल निर्देशन में राजेश पटेल विकासखंड स्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में व रमेश प्रजापति विकासखंड साक्षरता अधिकारी के कुशल नेतृत्व में पवई विकासखंड के 13 जन शिक्षा केंद्रों के 360 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा संपन्न हुई। विकासखंड स्तरीय दल में शामिल हुकम सिंह यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष गौतम सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पटेल बीएसी मुकेश पाठक साक्षरता समन्वयक कमला पटेल जन शिक्षक द्वारा सभी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। समाचार लिखे जाने तक कंट्रोल रूम प्रभारी श्री सौरभ जैन व देवेंद्र पटेल अतुल पांडे द्वारा बताया गया की 9200 आशा अक्षरों ने पवई ब्लॉक में परीक्षा दी।k

## राष्ट्रीय मींस कम मैरिट परीक्षा में शासकीय माध्यमिक शाला गुखौर का दबदबा



**पन्ना।** शासकीय माध्यमिक शाला गुखौर के होनहार बच्चों ने गत दिवस आयोजित हुई राष्ट्रीय मींस कम मैरिट परीक्षा 2025-26 में 12 छात्र छात्राओं का चयन हुआ हैं एवं विद्यालय सहित अपने परिवारजनों का गौरव बढ़ाया है। जिन छात्र छात्राओं का चयन हुआ है उनमें रोहित कुमार प्रजापति,आशीष कुमार अहिरवार,शिवम पांडेय,संजना कुशवाहा,शिवाकांत कुशवाहा, रितु कुशवाहा, रवीन्द्र सिंह यादव,छवि दहायत,सौरभ कुमार कुशवाहा,जानवी कुशवाहा,सुप्रिया चौधरी एवं प्रांजलि वर्मा ने परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। बच्चों के चयन पर संदीप कुमार गौतम,राजेश पाण्डेय,राम प्रमोद मिश्रा,सनद कुमार गर्ग,छोटे सरकार बागरी, रजिया बेगम,शिखा नायक,प्रिया जैन,कमलेश कुमार यादव,सुरेश कुमार कुशवाहा,प्रगति यादव,अभिषेक गौतम,शिवम शिवहरे,हरिराम गर्ग,सुभाष यादव, परमेश्वरदीन,अनिल कुमार लूनिया का सराहनीय योगदान रहा। गौरतलब हैं कि सत्र 2024-25 में भी इसी विद्यालय से 10 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की थी।

## 27 मार्च को रामनवमी पर आयोजित होगा प्राकट्य पर्व

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा आगामी 27 मार्च को रामनवमी पर जिला मुख्यालय स्थित श्री जुगल किषोर मंदिर प्रांगण में प्राकट्य पर्व कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवष्यक दायित्व सौंपे गए हैं। श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कलाकारों के दल द्वारा भगवान श्रीराम केन्द्रित विभिन्न आकर्शक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला कलेक्टर ने प्राकट्य पर्व कार्यम के गरिमापूर्ण आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया है।

# पुलिस ने 2 अलग-अलग प्रकरणों में वर्षों से फरार 2 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अतंर्गत पवई पुलिस टीम द्वारा 02 अलग-अलग प्रकरणों में फरार स्थाई वारण्टियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकियों में थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी क्रम में एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी गगन खम्परिया उर्फ मयंक पिता अशोक खम्परिया निवासी ग्राम पटना कला को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पवई के प्रकरण क्रमांक 872/22 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट में स्थाई वारंट जारी था तथा आरोपी करीब 04 वर्षों से फरार चल रहा था। इसी प्रकार पवई पुलिस टीम द्वारा थाना प्रभारी पवई के कुशल नेतृत्व में दूसरे आरोपी छोटेलाल प्रजापति पिता राममिलन प्रजापति निवासी पवई को गिरफ्तार किया गया, जिसके विरुद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पवई के प्रकरण क्रमांक 745/18 धारा 325, 324, 323, 294, 506, 34 भादवि के अंतर्गत स्थाई वारंट जारी था। आरोपी करीब 08 वर्षों से फरार चल रहा था तथा लगातार स्थान बदल-बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम द्वारा दोनो वारण्टियो को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है, जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें उप जेल पवई दाखिल किया गया।

**सराहनीय योगदान -**‹उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, अंजनी तिवारी, आरक्षक मनोज अहिरवार, राकेश डुडवे एवं पुलिस साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गुनौर में रफ्तार का कहर- जन्मदिन के कार्यक्रम से लौट रही 8 वर्षीय बच्ची की सड़क हादसे में मौत

गुनौर।

पन्ना जिले के गुनौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहिलवारा गांव में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 8 साल की मासूम बच्ची को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची ने उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहिलवारा निवासी दीपांजलि चौधरी (8 वर्ष), पुत्री दीपू चौधरी, बीती रात मोहल्ले में ही आयोजित एक जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रात करीब 11रू50 बजे जब वह कार्यक्रम से लौटकर सड़क पार कर अपने घर जा रही थी, तभी पवई से सलेहा की ओर जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

हादसे के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश, सुबह करीब 4:00 बजे रीवा ले जाते समय रास्ते में ही दीपांजलि की सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही गुनौर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



## चार हजार किमी की पैदल तीर्थ यात्रा कर लौटे दशरथ उपाध्याय, हुआ भव्य स्वागत

### चार माह में पूरी की नर्मदा परिक्रमा, श्रद्धा और संकल्प की बने मिसाल

पन्ना।

हिंदू सनातन परंपरा में यदि कोई भक्त सच्चे मन से संकल्प ले ले, तो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उसे पूरा कर दिखाता है। ऐसा ही एक प्रेरणादायी उदाहरण पन्ना जिले के गुनौर क्षेत्र के ग्राम हरदुही से सामने आया है, जहां पंडित दशरथ प्रसाद उपाध्याय ने करीब 4000 किलोमीटर की पैदल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर अपने गांव लौटकर श्रद्धालुओं को प्रेरित किया है। पंडित दशरथ प्रसाद उपाध्याय ने 11 नवंबर 2025 को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद अपने घर से सात सदस्यीय टीम के साथ नर्मदा परिक्रमा यात्रा के लिए प्रस्थान किया था। लगभग चार माह (120 दिन) की कठिन और भक्तिमय साधना के बाद उन्होंने 13 फरवरी 2026 को अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर घर वापसी की। गांव लौटते ही रास्ते से ही उनका ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सतीश उपाध्याय ने बताया कि मंडल गुनौर के समस्त कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि उनके मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ नेता दशरथ प्रसाद उपाध्याय ने 4000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पैदल परिक्रमा पूर्ण की है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा अद्भुत महाराज जी के सानिध्य में संपन्न हुई। चार माह की इस कठिन साधना में विपरीत मौसम और दुर्गम रास्तों का सामना करते हुए उन्होंने धैर्य, अनुशासन और अटूट श्रद्धा का परिचय दिया। गांव के लोगों का कहना है कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक परिक्रमा नहीं, बल्कि भक्ति, संकल्प और लोक-कल्याण की भावना का प्रतीक है। दशरथ प्रसाद उपाध्याय की इस साधना ने क्षेत्र में श्रद्धा और प्रेरणा का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।



## प्रमुख सचिव ने हर घर जल योजना के कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा




पन्ना।

प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि ने कहा है कि हर घर जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में जिला पंचायतों और ग्राम पंचायतों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सागर संभाग के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर घर जल योजना के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा इस योजना के अपूर्ण निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं और ग्राम पंचायतों को समारोहपूर्वक हस्तांतरित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की यह भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत हर घर तक स्वच्छ और साफ पानी पहुंचाने की कार्यवाही समय-सीमा में सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि हर घर जल योजना के कार्यों को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के बाद ग्राम पंचायतों को इस योजना के संचालन और प्रबंधन कैसे करना है, इस संबंध में ग्राम पंचायतों के सचिवों को समुचित प्रशिक्षण देना भी सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव श्री नरहरि आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर जल योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख सचिव ने पाईपलाइन की जानकारी पीएम गति शक्ति पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण दिया गया है। प्रमुख सचिव द्वारा जल जीवन मिशन 2.0 की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि भारत सरकार ने हाल ही में इस योजना को स्वीकृति दी है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी वीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, ईई पीएचई संचित खेत्रपाल एवं अन्य अधिकारीगण भी शामिल हुए।

## धरती आभा योजना में भ्रष्टाचार का खेल! ग्राम जूडी में लटकते तारों और अनियमितताओं ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

सलेहा।

जिले के विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि अब प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी श्धरती आभा योजनाश भी इससे अछूती नहीं रही। सलेहा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम जूडी में विद्युत कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है, जिससे विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत की पोल खुलती नजर आ रही है।

### इस्टीमेट को ताक पर रखकर हुआ काम-

सूत्रों के अनुसार, ग्राम जूडी में विद्युतीकरण का कार्य स्वीकृत इस्टीमेट के बिल्कुल विपरीत किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों ने आपस में साठगांठ कर घटिया निर्माण को अंजाम दिया है। आलम यह है कि सड़कों पर बिजली के तार इतनी कम ऊंचाई पर झूल रहे हैं कि कोई भी वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। उजाले के नाम पर अंधेरे की तैयारी! स्थानीय चर्चाओं में यह बात जोर पकड़ रही है कि यह योजना ग्रामीणों के घरों को रोशन करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें अंधेरे में धकेलने के लिए लागू की गई है। इतना ही नहीं, सलेहा से कटरा और नायगांव की ओर खींची गई नई 11झट टाउन लाइन में भी भारी गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही हैं। जानकारों का कहना है कि जब टाउन लाइन (शहर) का यह हाल है, तो अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए कार्यों की गुणवत्ता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। जांच की दरकाररू क्या कार्रवाई करेंगे जिले के मुखिया? पन्ना जिले के संवेदनशील प्रशासन और मुखिया से ग्रामीणों ने पुरजोर मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों का मानना है कि यदि ईमानदारी से जांच हुई, तो भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की कई परतें उखड़कर सामने आएंगी। फिलहाल, विभाग की इस लापरवाही ने सरकार की छवि और जनता की सुरक्षा, दोनों को दांव पर लगा दिया है।





## पं. दीनदयाल महा प्रशिक्षण अभियान की तैयारी को लेकर अमानगंज मंडल की बैठक संपन्न

अमानगंज।

पं. दीनदयाल महाप्रशिक्षण अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा मंडल अमानगंज की बैठक नगर के साईं मंडपम में सायं 5 बजे आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त भाजपा महामंत्री माधवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा बताते हुए संगठन को मजबूत बनाने और प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्यकर्ता इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मंडल भाजपा महामंत्री दीपक यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता, भाजपा नेता विशाल सिंह भदौरिया, नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक, मंडल उपाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, अमित द्विवेदी, आनंद राजपूत, राजदीप गोस्वामी, वेदराम पांडे, अमित चनपुरिया, प्रदीप अवस्थी, रामबहोरी राजपूत, पंकज परोहा, रामू सोनी सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की मिली 22वीं किश्त जिले के एक लाख 52 हजार से अधिक किसान लाभांवित

पन्ना।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र कृषक हितग्राहियों को शुक्रवार को 22वीं किश्त राशि का वितरण किया गया। इससे पन्ना जिले के एक लाख 52 हजार 556 किसान भी लाभांवित हुए। अजयगढ़ तहसील के 24 हजार 318, अमानगंज के 19 हजार 793, देवेन्द्रनगर के 11 हजार 90, गुनौर के 21 हजार 715, पन्ना के 12 हजार 398, पवई के 28 हजार 435, रैपुरा के 14 हजार 987, शाहनगर के 19 हजार 174 तथा सिमरिया तहसील के 642 किसान परिवारों को इसका लाभ मिला। योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान के बैंक खाते में 2 हजार रूपए की राशि अंतरित की गई। पीएम किसान सम्मान निधि वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यातिथ्य में आयोजित मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन को देखा एवं सुना। कार्यक्रम में कलेक्टर ऊषा परमार एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, तहसीलदार भू संसाधन प्रबंधन मेघेन्द्र बंदोपाध्याय तथा कृषकगण भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को बतौर न्यूनतम आय सहायता प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए प्रदान किए जाते हैं। एक दिसम्बर 2018 से लागू योजना में 3 किश्तों में राशि का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक चार माह के बाद किसान को 2 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।



# गैस संकट का डर: सिलेंडर लेने उमड़ी भीड़, पुलिस की निगरानी में हुआ वितरण

नौगांव/छतरपुर।

नौगांव शहर में गैस की किल्लत की फैली एक अफवाह और एक हफ्ते से रुकी होम डिलीवरी ने शनिवार को विस्फोटक स्थिति पैदा कर दी। स्टेडियम के पीछे स्थित बुंदेलखंड गैस एजेंसी पर सुबह 9 बजे से ही उपभोक्ताओं का ऐसा हुजूम उमड़ा कि प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। देखते ही देखते एजेंसी के बाहर आधा किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और स्थिति बिगड़ती देख मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में जैसे-तैसे सिलेंडरों का वितरण शुरू हुआ, लेकिन अव्यवस्थाओं को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर नजर आया।

### साइबर अटैक और होम डिलीवरी के नाम पर परेशानी का खेल

उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से न तो गैस की होम डिलीवरी हो रही है और न ही ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल काम कर रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 8 दिन पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला, जिसके कारण अब उन्हें चूल्हा फूंकने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 10 हजार कनेक्शनों का भार इसी एजेंसी पर है, जहाँ प्रतिदिन 350 सिलेंडरों की खपत है। बुकिंग सिस्टम फेल होने और डिलीवरी न होने से लोगों के मन में यह डर बैठ गया कि गैस का स्टॉक खत्म हो गया है, जिससे लोग एडवांस सिलेंडर लेने के लिए भी कतारों में लग गए।

### प्रशासनिक फेलियर: ड्यूटी पर तैनात अधिकारी लापता

एक तरफ जहाँ हजारों उपभोक्ता धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, वहीं जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी उजागर हुई। गैस वितरण की व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने जिस अधिकारी अजय रैकवार की ड्यूटी लगाई थी, वे पूरे समय मौके से नदारद रहे। परेशान उपभोक्ताओं ने जब उन्हें फोन करने की कोशिश की, तो उन्होंने कॉल रिसीव करना भी उचित नहीं समझा। ड्यूटी से इस तरह की नदारदगी ने प्रशासन के सतर्कता के दावों की पोल खोल दी है और उपभोक्ताओं की नाराजगी को और बढ़ा दिया है।

### 5एजेंसी संचालक का पक्ष और हकीकत



गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है, केवल साइबर समस्या के कारण बुकिंग और रसीद कटने में देरी हुई है जिससे भ्रम की स्थिति बनी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक पैनिक न करें और बुकिंग के अन्य माध्यमों का उपयोग करें। लेकिन जमीन पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है; लोगों का कहना है कि जब होम डिलीवरी बंद है और डिजिटल माध्यम काम नहीं कर रहे, तो वे एजेंसी के चक्कर लगाने को क्यों मजबूर न हों? फिलहाल पुलिस की निगरानी में वितरण जारी है, लेकिन सामान्य स्थिति बहाल होने में अभी समय लगने की उम्मीद है।

## सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे एसपी कार्यालय, बाईक सहित तलाश में जुटी पुलिस

# चाचा को स्टेशन छोडऩे गया भतीजा हुआ लापता



छतरपुर।

जिले के सिंहपुर डुमरा रेलवे स्टेशन से एक युवक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम बरा निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र पटेल उर्फ जीतू पुत्र देशराज पटेल शुक्रवार 13 मार्च की सुबह करीब 4:40 बजे अपने चाचा को रेलवे स्टेशन छोडऩे गए थे। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अपने साथ काले रंग की टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल लेकर गए थे, जो अभी तक नहीं मिली है। युवक के गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया है। शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर युवक की तलाश कराने की मांग की और आवेदन सौंपा। प्रार्थी देशराज पटेल ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उनका बेटा जितेंद्र पटेल उर्फ जीतू शुक्रवार से लापता है। उन्होंने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश कर सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाई। इस दौरान ओबीसी महासभा प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल, रामकृपाल पटेल, घासीराम पटेल सहित परिजन मौजूद रहे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू करने की बात कही है। पुलिस टीम युवक और मोटरसाइकिल की तलाश में जुटी हुई है। परिवार और ग्रामीणों में युवक के सुरक्षित मिलने की दुआएं हो रही हैं।

## दबंगों ने दलित परिवार पर लाठी-डंडे-कुल्हाड़ी से की मारपीट, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

छतरपुर।



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाराजगंज गांव में दबंगों द्वारा एक दलित परिवार के साथ हुई क्रूर मारपीट ने पूरे इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। पीड़ित वीरेंद्र अहिरवार ने आरोप लगाया है कि भरत लाल पटेल, जी लाल पटेल एवं एक अन्य व्यक्ति ने उनके पूरे परिवार पर जूतों, लाठियों, डंडों और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया। इस हमले में पीड़ित वीरेंद्र अहिरवार के अलावा उनके पिता भागीरथ अहिरवार, मां हब्बू बाई अहिरवार और बहन नैना अहिरवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना कल रात्रि की बताई जा रही है। पीड़ित वीरेंद्र अहिरवार दुकान पर सामान खरीदने गए थे, तभी दबंगों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक मारपीट पर उतर आए। जब परिवार के अन्य सदस्य उन्हें बचाने पहुंचे, तो दबंगों ने उनके साथ भी बेरहमी से पीटा। हमले में इस्तेमाल हथियारों से पीड़ितों को गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पीड़ित परिवार पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। वीरेंद्र अहिरवार ने मांग की है कि दबंगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## 11वीं की छात्रा ने खाया जहर: जियोग्राफी का पेपर खराब होने से थी तनाव में, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** छतरपुर में परीक्षा के तनाव में एक 17 साल की नाबालिग छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास कर लिया। छात्रा कक्षा 11वीं में पढ़ती है और बताया जा रहा है कि जियोग्राफी का पेपर ठीक से न बन पाने के कारण वह काफी तनाव में थी। इसी टेंशन में उसने घर में रखी निशा मेहंदी खा ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। फिलहाल छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।जानकारी के अनुसार गुरुवार को कक्षा 11वीं का जियोग्राफी का पेपर था। छात्रा और उसकी मां के मुताबिक पेपर ठीक से नहीं बन पाया, जिससे वह काफी परेशान और तनाव में आ गई थी। अगले दिन



शनिवार को उसका हिंदी का पेपर भी होना था, इसी बात को लेकर वह और ज्यादा चिंता में थी। बताया गया है कि शुक्रवार को घर पर उसने जहरीला पदार्थ के रूप में निशा मेहंदी खा ली। कुछ देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगडऩे लगी। हालत गंभीर होते देख परिजन तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार के लोग काफी परेशान हैं और बेटी की हालत को लेकर चिंतित हैं। वहीं परिजनों का कहना है कि शनिवार को छात्रा का हिंदी का पेपर है, लेकिन वह अस्पताल में भर्ती है। ऐसे में सबसे बड़ी चिंता यह है कि वह परीक्षा कैसे दे पाएगी। परिजन इसको लेकर भी परेशान हैं और चाहते हैं कि किसी तरह उसकी पढ़ाई और परीक्षा पर असर न पड़े। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर अस्पताल लाने के कारण छात्रा की जान बच गई और अब उसकी हालत पहले से बेहतर है। वहीं इस घटना ने एक बार फिर परीक्षा के दौरान बच्चों पर बढ़ते मानसिक दबाव को भी उजागर कर दिया है।

## डिलीवरी के पैसों को लेकर विवाद, युवक पर बैट से हमला रगोली गांव में झगड़ा, घायल युवक जिला अस्पताल में भर्ती

छतरपुर।

जिले के पिपट थाना क्षेत्र के ग्राम रगोली में डिलीवरी सहायता राशि को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर बैट से हमला कर दिया गया। हमले में घायल मनोज विश्वकर्मा (34) को गंभीर चोटें आने के बाद जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार 14 मार्च को गांव के आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। शिविर के दौरान मनोज विश्वकर्मा अपनी पत्नी उमा विश्वकर्मा के साथ वहां मौजूद था। इसी दौरान गांव का



ही रहने वाला हरि राजपूत वहां पहुंचा और डिलीवरी के पैसों को लेकर उमा विश्वकर्मा से गाली-गलौज करने लगा।

उमा विश्वकर्मा ने बताया कि शासन की ओर से मिलने वाली डिलीवरी सहायता राशि अभी तक उसके खाते में नहीं आई है। इसी बात को लेकर आरोपी नाराज हो गया और विवाद करने लगा। जब मनोज विश्वकर्मा ने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने बैट से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।

घटना की सूचना डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को रगोली तक लाया गया। बाद में परिजन निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## महाराजा यूनिवर्सिटी में मानव अधिकार सुरक्षा प्रकोष्ठ का कार्यक्रम समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

छतरपुर।

शहर स्थित महाराजा यूनिवर्सिटी में मानव अधिकार सुरक्षा प्रकोष्ठ (एचआरपीसी) के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके योगदान को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सामाजिक सेवा, जागरूकता और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने वाली कई महिलाओं को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और अन्य महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## छतरपुर में तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारी टक्कर चालक समेत दो घायल, महिला की हालत गंभीर

छतरपुर।

छतरपुर जिले के मातागुवां थाना क्षेत्र के चौका गांव में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह करीब 15 फीट दूर जाकर गिर गई। हादसे में बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार चौका गांव छतरपुर-सागर नेशनल हाईवे पर बसा हुआ है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे गांव की 55 वर्षीय महिला सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान मातागुवां की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर



मार दी। बाइक पर तीन लोग सवार थे, जो अपने गांव कतरवार की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि महिला उछलकर करीब 15 फीट दूर जा गिरी। हादसे में बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि बाइक चालक 27 वर्षीय सुरेश अहिरवार को गंभीर चोट लगी है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची। डायल-112 पर तैनात आरक्षक राजेन्द्र सिंह घोष ने बताया कि गंभीर रूप से घायल महिला और बाइक चालक को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार महिला के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। वहीं बाइक चालक सुरेश अहिरवार का भी इलाज जारी है। बाइक चालक सुरेश ने बताया कि महिला सड़क पर इधर-उधर चल रही थी। काफी संभालने की कोशिश की, लेकिन अचानक सामने आ जाने से बाइक उससे टकरा गई और हादसा हो गया।

### लाठी-डंडों से मारपीट का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित भागीरथ रजक ने दिए गए आवेदन में बताया कि 4 मार्च 2026 की शाम करीब 3 बजे वह अपने घर पर बैठा था। इसी दौरान देवीजी की मड़िया के पास निलेश विश्वकर्मा, नन्ने लाल यादव और गोकल यादव वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उसके साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर उसकी मां लक्ष्मीबाई रजक और भाई भैया लाल रजक बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना बड़ामलहरा थाने में दी गई, लेकिन पुलिस ने केवल एनसीआर दर्ज कर ली और अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी अब रिपोर्ट वापस लेने के लिए धमकियां दे रहे हैं। इस पर पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### बच्ची के गले में फंसा पाँच रुपये का सिक्का निकाला


**छतरपुर।** जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर मनोज चौधरी एक बार फिर जीवनदाता साबित हुए हैं। उन्होंने पाँच साल की बच्ची के गले में फंसा पाँच रुपये का सिक्का बिना ऑपरेशन के सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार ग्राम दीनू निवासी सुरेन्द्र चढ़ार की पाँच वर्षीय पुत्री मोनिका चढ़ार मोबाइल चलाते समय मुंह में रखा पाँच रुपये का सिक्का निगल गई। सिक्का गले में फंस जाने के कारण बच्ची को खाना खाने, पानी पीने और सांस लेने में काफी परेशानी होने लगी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टर मनोज चौधरी ने बच्ची की स्थिति को देखते हुए सावधानीपूर्वक बिना ऑपरेशन के उसके गले में फंसा सिक्का निकाल दिया। उपचार के बाद बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और अब सामान्य रूप से हंस-खेल रही है। डॉक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि समय रहते बच्ची को अस्पताल लाया गया, जिससे बिना ऑपरेशन के ही सिक्का निकालना संभव हो पाया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि छोटे बच्चों को मोबाइल या खेलते समय सिक्के जैसी छोटी वस्तुएं मुंह में रखने से रोकें, क्योंकि इससे गंभीर खतरा हो सकता है।

### घाटी में बिगड़े ट्रक से लगा लंबा जाम



**छतरपुर।** जिले के देवरा-किशनगढ़ मार्ग पर स्थित रायपुरा घाटी में एक ट्रक के बिगड़ जाने से भारी जाम की स्थिति बन गई। शनिवार रात से ही घाटी में लंबी कतार में वाहन फंसे हुए हैं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि छतरपुर से कटनी जाने वाले देवरा-किशनगढ़ मार्ग पर ट्रक के खराब हो जाने के कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम में छोटे-बड़े वाहन, बसें और ट्रक घंटों से फंसे हुए हैं।यह पूरा मामला किशनगढ़ थाना क्षेत्र के रायपुरा घाटी का बताया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रक को हटाने की कार्रवाई जारी है और जल्द ही यातायात सामान्य कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### मंदिर में शादी के बाद प्रेमी जोड़ा पहुंचा एसपी ऑफिस, सुरक्षा की लगाई गुहार



**छतरपुर।** शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे एक प्रेमी जोड़ा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और परिवार से खतरे की आशंका जताते हुए सुरक्षा की मांग की। युवती ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि उसने अपनी मर्जी से अपने ही गांव और समाज के युवक के साथ मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया है। युवती ने बताया कि यह विवाह उसने बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से किया है। शादी के बाद अब उसे अपने मायके पक्ष के लोगों से खतरा महसूस हो रहा है। इसी आशंका के चलते वह अपने पति के साथ एसपी कार्यालय पहुंची और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। आवेदन में युवती ने कहा कि उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य इस विवाह से नाराज हैं और उनके द्वारा किसी भी तरह की अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ऐसे में उसने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उसे और उसके पति को सुरक्षा दी जाए, ताकि वे बिना किसी भय के अपना वैवाहिक जीवन जी सकें। प्रेमी जोड़े ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा कि दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से विवाह किया है, इसलिए कानून के तहत उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

### एसपी ऑफिस के सामने खड़ी मोटरसाइकिल में लगी आग, मचा हड़कंप

**छतरपुर।** शहर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने शनिवार दोपहर अचानक एक मोटरसाइकिल में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे एसपी ऑफिस के सामने स्थित एक मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी बाइक से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते उसमें आग भड़क उठी।आग की लपटें उठती देख आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क शिविर में की गई 128 होमगाड्र्स जवानों की स्वास्थ्य जाँच

रीवा। जिला होमगाड्र्स कैम्पस में आयोजित शिविर में 128 होमगाड्र्स जवानों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई। इस संबंध में जिला सेनानी मीनाक्षी सिंह चौहान ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुसार नगर सैनिकों के नियमित स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में संभागीय होमगाड्र्स कार्यालय तथा जिला कार्यालय के जवानों और अधिकारियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉ. अनूप सिंह, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. ऋतिक त्रिपाठी, डॉ. जयप्रकाश पटेल, डॉ. कीर्ति मिश्रा, डॉ. आंचल शर्मा तथा नर्सिंग आफीसर कृष्णदेव सोनकर ने जवानों की जांच की। होमगार्ड जवानों को मौसमी बीमारी, अधिक गर्मी और लू से बचाव के संबंध में भी शिविर में जानकारी दी गई। शिविर में जवानों के साथ-साथ डिवीजनल कमांडेंट एमके पंद्रे ने भी अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई।

### किशोरियों को कैंसर सुरक्षा कवच देने के लिए लगातार लगाए जा रहे एचपीवी टीके

रीवा। जिले भर में 14 और 15 साल की किशोरियों को एचपीवी टीके लगाने का विशेष अभियान जारी है। यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने का सबसे कारगर उपाय है। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर अभियान के तहत किशोरियों का टीकाकरण कर रहे हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि सिविल अस्पताल त्योंथर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगवां में आयोजित शिविर में किशोरियों को एचपीवी टीके लगाए गए। टीके लगवाने वाली किशोरियों तथा अभिभावकों को टीकाकरण के संबंध में समझाइश भी दी गई। सिरमौर में स्वास्थ्य केन्द्र में लगाए गए शिविर में शासकीय हाईस्कूल बीड़ा की किशोरियों को एचपीवी टीके लगाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने किशोरियों को टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की। खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्यों द्वारा भी इसमें सहयोग किया गया। जिले भर में किशोरियों का लगातार टीकाकरण किया जा रहा है।

### मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में रेप्टाइल हाउस का हुआ लोकार्पण



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी देश-प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। यहां स्थापित किया गया नया रेप्टाइल हाउस वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महाराजा मार्तण्ड सिंह सफारी को मध्यम रूप के जू का स्वरूप देने का प्रयास किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल शनिवार को मैहर जिले के मुकुन्दपुर स्थित महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी में स्थापित रेप्टाइल हाउस के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद सतना गणेष सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह रीवा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, नगर निगम रीवा के स्पीकर व्यंकटेष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधिगण, वन विभाग के अधिकारी एवं जू के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंजीनियरिंग कालेज ने विन्ध्य की कई प्रतिभाओं को तराशा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा से 17 मार्च को रायपुर तथा 15 अप्रैल से कोलकाता के लिए चलेंगे प्लेन, उप मुख्यमंत्री ने इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक फेस्ट का किया शुभारंभ**





रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंजीनियरिंग कालेज रीवा में टेक फेस्ट का शुभारंभ किया। रीवा इंजीनियरिंग कालेज के 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में कालेज के पूर्व छात्र तथा उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अपने स्थापना की 62वीं वर्षगांठ मना रहा इंजीनियरिंग कालेज रीवा तकनीक और विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। इंजीनियरिंग कालेज के विकास में इसके पुरा छात्रों का सराहनीय योगदान है। इस इंजीनियरिंग कालेज ने विन्ध्य की कई प्रतिभाओं को तराशा है जो देश-विदेश के बड़े संस्थानों में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रही हैं। इंजीनियरिंग कालेज के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। पुरा छात्रों के सहयोग से आज इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट इंट्रैक्शन सेंटर की आधारशिला रखी गई है। यह सेंटर कालेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, प्रोफेसरों को बड़े औद्योगिक संस्थानों से संवाद का केन्द्र बनेगा। इसके निर्माण के लिए मैं अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपए दे रहा हूं। भारत में वर्तमान में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तेजी से विकास हो रहा है। भारत विश्वगुरू बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। खाड़ी में अशांति के कारण होर्मूज स्टेट से किसी भी देश के जल जहाज पार नहीं हो रहे हैं, लेकिन ईरान ने भारत के जहाजों को जाने की अनुमति दी है। यह हमारे देश के कुशल नेतृत्व की विश्व में अच्छी साख का परिणाम है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा बहुत तेजी से विकास कर रहा है। पेरिस सम्मेलन के बाद हमने सबसे पहले गुढ़ में 750 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया। इसकी बिजली से दिल्ली की मेट्रो चल रही है। रीवा से इंदौर, भोपाल और दिल्ली के लिए सीधी हवाई सेवा है। रीवा से 17 मार्च को रायपुर तथा 15 अप्रैल से कोलकाता के लिए भी हवाई सेवा शुरू हो रही है। अब बड़े उद्योगपतियों, निवेशकों तथा विशेषज्ञों को रीवा आने में किसी तरह की कठिनाई नहीं होगी। इंजीनियरिंग कालेज में रिसर्च और इनोवेशन की दिशा में लगातार अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने एलपीजी गैस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक मॉडल प्रस्तुत किया है। यहाँ प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बड़े प्लेटफार्म का अवसर मिलने पर विन्ध्य की प्रतिभाएं आसमान तक तिरंगा फहरा सकती हैं। उप मुख्यमंत्री ने समारोह के पूर्व ट्रिपल आई सेंटर का भूमिपूजन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई टेक फेस्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में अडानी उद्योग समूह के रिन्यूअल एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर चैतन्य साहू ने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज ने सफल इंजीनियरों के साथ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल जैसा विकास के लिए समर्पित और सकारात्मक दृष्टिकोण वाला राजनेता भी हमें दिया है। विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को आत्मविश्वास से आगे बढ़ाकर ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करें। हर असफलता हमें सफलता की ओर कदम बढ़ाने की प्रेरणा देती है। कालेज के पूर्व विद्यार्थियों से मार्गदर्शन और प्रेरणा लेकर विद्यार्थी सफलता के नए शिखर छू लें। समारोह में कालेज के पुरा छात्र तथा एनटीपीसी के सेवानिवृत्त सीएमडी आरएस शर्मा ने कहा कि हम सबने इंजीनियरिंग कालेज के दो कमरों में जो सपने देखे थे वे आज पूरा आकार ले चुके हैं। कालेज के प्राचार्य, विद्यार्थी, पुरा छात्र, सरकार और औद्योगिक संस्थान आधार स्तंभ हैं। इनके समन्वय और संवाद के लिए ट्रिपल आई सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। समारोह में कालेज के प्राचार्य आरपी तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कालेज की विकास यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कालेज में 1964 में तीन कोर्स शुरू किए गए। वर्तमान में पाँच कोर्स, पीजी कोर्स और पीएचडी की सुविधा है। कालेज में 9 यूजी कोर्स तथा 10 पीजी कोर्स शुरू करने के लिए 175 करोड़ की कार्ययोजना बनाई गई है। समारोह में विद्यार्थियों ने आरईसी हमारी शान है, इससे हमारी पहचान है गीत के माध्यम से संस्थान की उपलब्धियों का बखान किया। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, अल्ट्राटेक सीमेंट मैहर के प्रेसिडेंट तथा प्लांट हेड विजनेश्वर मोहंती, टोंस हाइड्रल पावर के असिस्टेंट चीफ इंजीनियर पुरूषोत्तम गुप्ता, बीएसएनएल के पीजीएम यतीश कठेरिया, कालेज के प्रथम बैच के छात्र सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर अनुपम श्रीवास्तव, अन्य पूर्व छात्र, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन प्रोफेसर डॉ. संदीप पाण्डेय ने किया। समारोह का समापन चीफ इंजीनियर विनोद सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ।

# सुपर स्पेशलिटी में किशोरी को किया गया पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण, पेसमेकर लगाकर बचाई गई पीड़ित किशोरी की जान




रीवा।

रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जटिल रोगों के उपचार में नित नई सफलताएं प्राप्त की जा रही हैं। अस्पताल में मऊगंज की 17 वर्षीय किशोरी को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। किशोरी जन्मजात पूर्ण हृदय ब्लॉक से गंभीर रूप से पीड़ित थी। उसे बेहोशी और दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में डॉ. एस.के. त्रिपाठी के पास लाया गया। अस्पताल में डॉ. एस.के. त्रिपाठी (डी.एम. कार्डियोलॉजी) तथा उनकी कुशल टीम ने तत्काल कार्डियक कैथ लैब में पेसमेकर प्रत्यारोपण की जटिल प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की, जिससे मरीज की जान बचाई गई। यह प्रक्रिया मरीज के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई। कैथ लैब टीम में जय नारायण मिश्रा, सत्यम, सुमन, मनीष, सुधांशु, निकित, सोनाली, विजय शामिल रहे। नर्सिंग स्टाफ में सतेन्द्र एवं किशोर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के विशेष प्रयासों और पहल से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में जटिल रोगों के उपचार के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं निरंतर विकसित हो रही हैं। जिनके कारण कई गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों की जान बचाई जा रही है। प्रक्रिया की सफलता पर संस्थान के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल एवं अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# नव भारत साक्षरता परीक्षा में केन्द्रीय जेल के 81 बंदी हुए शामिल

रीवा।

केन्द्रीय जेल में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 81 बंदी परीक्षा में शामिल हुए। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जेल के बंदियों को प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें 58 पुरूष और 23 महिला बंदियों ने नव भारत साक्षरता की परीक्षा दी। परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन कराने में जिला प्रौढ़ अधिकारी नीरज नयन तिवारी, सांख्यिकी अधिकारी राकेश शुक्ला तथा लेखा अधिकारी राजेश सिंह और जेल स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जेल में पदस्थ शिक्षक राजीव तिवारी, स्वदीप सिंह और सुरेखा रानी तिवारी ने बंदियों को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया।1

# थाना प्रभारी सेमरिया ने तीन पशु तस्करों को किया गिरफ्तार

रीवा 1

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा एस डी ओ पी सिरमौर प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया विकाश कपीश द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध की गई बडी कार्यवाही थाना सेमरिया पुलिस को आज दिनांक 14.03.26 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 1 बड़े ट्रक में भैसों को क्रूरतापूर्वक अवैध रूप से परिवहन कर सेमरिया के रास्ते उत्तरप्रदेश बूचड़खानों मे वध हेतु ले जा रहे है सूचना पर कार्यवाही करते हुए गेरुआर मोड के पास एक सफेद ट्रक से 34 नग भैस कीमती 20 लाख रूपये लगभग को पुलिस द्वारा



मुक्त कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान 03 पशु तस्करों मो सुल्तान पिता अब्दुल सईद उम्र 32 साल, आदिल पिता शकील कुरैशी,मेराज पिता रसीद अहमद सभी निवासी कोर्राही थाना बिसंडा जिला बांदा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर 01 बडा ट्रक कुल कीमती लगभग 60 लाख का जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 325 एवं पशु के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (घ)के तहत कार्यवाही की गई है 3 आरोपीगण फरार है जिनकी पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई मे निरीक्षक विकास कपीस, उपनिरीक्षक ललन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक सुजीत शर्मा,आर 229 शिवम् सिंह,आर 908 प्रेम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# क्योंटी जलप्रपात में मिला 10वीं की छात्रा का शव, चार दिन से थी लापता, सडीआरएफ की मदद से तीन दिन की तलाश के बाद जलप्रपात से निकाला गया शव

रीवा।

जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में चार दिन से लापता कक्षा 10वीं की एक छात्रा का शव शनिवार को क्योंटी जलप्रपात में मिला। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से जलप्रपात से शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ निवासी 17 वर्षीय छात्रा 10 मार्च को घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने सिरमौर थाने में उसकी गुमशुदगी



की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान कुछ पर्यटकों ने पुलिस को सूचना दी कि क्योंटी जलप्रपात में एक किशोरी को गिरते हुए देखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस को संदेह हुआ कि जलप्रपात में गिरने वाली किशोरी वही छात्रा हो सकती है, जो राजगढ़ गांव से लापता है। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाकर जलप्रपात में सर्च अभियान शुरू कराया। करीब तीन दिन तक चले तलाश अभियान के बाद शनिवार को जलप्रपात से एक किशोरी का शव बरामद किया गया।शव को बाहर निकालकर पहचान कराई गई, जिसमें उसकी पहचान राजगढ़ गांव की लापता 17 वर्षीय छात्रा के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# शहर में एसडीएम दफ्तर या मयखाना, जाम छलकाते कैमरे में कैद हुए कर्मचारी, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, मामले की जांच करेगी टीम



रीवा। शहर के कॉलेज चौराहे में बनाए गए अत्याधुनिक अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार की देर रात उस वक्त हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई, जब अनुविभागीय दंडाधिकारी के रीडर धर्मेंद्र पटेल और दिलीप पाल जाम टकराते हुए कैमरे में कैद हो गए। इस दौरान नशे में चूर दोनों लिपिकों ने वीडियो बनाने वाले युवक के साथ न सिर्फ झूमाझटकी की बल्कि युवक का मोबाइल भी छीनने के आरोप लगे हैं। मौके पर हंगामा होने के दौरान एसडीएम कार्यालय के भ्रत्य और कर्मचारी मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो शुक्रवार की बीती रात का है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वीडियो कार्यालय परिसर के अंदर का बताया जा रहा है, जिसमें कुछ कर्मचारी कथित रूप से शराब का सेवन करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं वीडियो बनाने वाले कुछ लोग खुद को पत्रकार बताते हुए कर्मचारियों से बातचीत करते और विवाद की स्थिति बनती भी नजर आ रही है। इस दौरान कर्मचारियों और वीडियो बना रहे लोगों के बीच झूमा-झटकी की स्थिति भी देखी गई।मामले की जानकारी मिलते ही देर रात एसडीएम अनुराग तिवारी स्वयं कार्यालय पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कार्यालय परिसर में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और उनकी फुटेज के आधार पर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। एसडीएम अनुराग तिवारी ने कहा कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। यदि जांच में यह सामने आता है कि कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर में शराब का सेवन किया गया है, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि देर रात कार्यालय परिसर में किन लोगों का प्रवेश हुआ था और वीडियो बनाने वाले लोग कौन थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे घटनाक्रम की क्रमवार जांच की जाएगी।सरकारी दफ्तर में देर रात शराब पार्टी के आरोपबताया जा रहा है कि रात होते ही काम पेंडेंसी निपटाने के नाम पर एसडीएम कार्यालय में रुकने वाले एसडीएम और तहसीलदार के लिपिक कार्यालय को मयखाना बना देते हैं। जिसमें कई पटवारी भी शरीक होते हैं और यह सारी महफिल अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 10 में सजती है। दो लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने सहायक वर्ग तीन दिलीप पाल तथा सहायक वर्ग तीन धर्मेन्द्र पटेल को कारण बताओ नोटिस दिया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित समाचारों में इन दोनों कर्मचारियों को 13 मार्च को एसडीएम कार्यालय में रात 10 बजे शराब पीते हुए दिखाया गया। इस आचरण से कार्यालय की छवि धूमिल होने के साथ इन कर्मचारियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता प्रकट होती है जिसके कारण इन्हें नोटिस दिया गया है। नोटिस का 24 घंटे की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने मामले की जाँच के लिए नायब तहसीलदार हुजूर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति में गठित की है। समिति को जाँच कर दो दिवस में प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर मऊगंज ने तीन डॉक्टरों को दिया नोटिस

मऊगंज

कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बिना अवकाश अनुपस्थित पाए गए तीन डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस दिया है। कलेक्टर ने सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ.



कुमुद पाठक तथा डॉ. रूपेश वर्मा एवं बीएमओ डॉ. प्रद्युम्न शुक्ला को कारण बताओ नोटिस दिया है। इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया द्वारा सिविल अस्पताल मऊगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में तैनात दो डॉक्टर तथा बीएमओ कार्यालय से बीएमओ कार्यालय समय में बिना किसी अवकाश सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इसके कारण अस्पताल में आने वाले रोगियों और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह आचरण अनुशासनहीनता तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रतिकूल है, जिसके कारण नोटिस दिया गया है। नोटिस का तीन दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी।



# अवैध उत्खनन एंव परिवहन पर की गई कार्रवाई, पोकलेन और डंपर जब्त

मऊगंज

जिले में खनिज पदार्थों के अवैध भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने इस संबंध में बताया कि हनुमना तहसील के ग्राम सरदमन और हर्रई प्रताप में प्रशासन ने अवैध उत्खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनन पट्टों की सघन जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि कुछ पट्टाधारक स्वीकृत क्षेत्र की सीमा से बाहर जाकर बोल्डर पत्थर का अवैध उत्खनन कर रहे थे। नियमों के उल्लंघन और अवैध गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर सख्त रुख अपनाया। कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में लिप्त भारी मशीनों और वाहनों को जब्त किया गया है। प्रशासन द्वारा तीन पोकलेन चेनमाउंट मशीन, एक पोकलेन चेनमाउंट ब्रेकर, दो डंपर, एक ट्रैक्टर और एक डीजी ड्रिलर ब्लास्टिंग मशीन को मौके से जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों और मशीनों पर संबंधित अधिनियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कार्रवाई करने वाले दल में तहसीलदार शिवम गौतम, सहायक खनिज अधिकारी सुमित राजपूत तथा पुलिस बल शामिल रहा।